संख्या /उन्तीस(2)/2025–ई–17259/2022

प्रेषक,

अपूर्वा पाण्डेय,
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम,
देहरादून।

पेयजल एवं स्वच्छता अनुभाग–2 देहरादून : दिनांकः नवम्बर, 2025

विषय :– वित्तीय वर्ष 2025–26 में नगरीय पेयजल योजनाओं का रखरखाव कार्यों हेतु एकमुश्त धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–498/नियो0अनु0–उपयोगिता प्रमाण–पत्र/15 दिनांक 10.11.2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अनुरक्षणाधीन नगरीय पेयजल योजनाओं के रखरखाव कार्यों को सम्पादित किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में **₹ 450.00 लाख (₹ चार करोड़ पचास लाख मात्र)** की धनराशि व्यय हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

(i) स्वीकृत धनराशि का आहरण प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून के हस्ताक्षर तथा जिलाधिकारी, देहरादून के प्रतिहस्ताक्षरयुक्त बिल देहरादून कोषागार में प्रस्तुत करके दिया जायेगा।

(ii) स्वीकृत धनराशि का आहरण कोषागार से एकमुश्त न करते हुए यथा आवश्यकतानुसार किया जायेगा। साथ ही आगामी प्रस्ताव में पेयजल निगम की वित्तीय स्थिति सुधारने हेतु किये गये रिफार्म से आय पर पड़ने वाले प्रभाव को विगत तीन वर्षों के आंकड़ों सहित प्रस्तुत करेंगे।

(iii) स्वीकृत की जा रही धनराशि का दिनांक 31 मार्च, 2026 तक पूर्ण उपयोग कर कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति का विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन को प्रस्तुत किया जाय।

(iv) निर्माण कार्यों को निर्धारित समय व स्वीकृत लागत में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए, जिस हेतु निर्माण की प्राथमिकता और समय सारणी इस प्रकार तैयार की जाए कि निर्माण हेतु उपयुक्त माहों/सीजन का पूर्ण लाभ लिया जा सके और पूर्ण होने वाले कार्य शीघ्र पूर्ण होकर उपयोग में लाये जा सकें।

(v) योजनावार/कार्यवार अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष प्रत्येक योजना का योजनावार वित्तीय/भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह की 07 तारीख तक शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

(vi) उक्तानुसार स्वीकृत की जा रही धनराशि का योजनावार विवरण यथाशीघ्र शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें एवं योजनाओं पर व्यय पूर्ण पारदर्शिता के साथ तथा डुप्लीकेसी की स्थिति में इसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधिकारी को होगा।

(vii) उक्तानुसार स्वीकृत की जा रही धनराशि का योजनावार आवंटन एवं

व्यय योजना की अनुमोदित लागत की सीमा तक ही किया जायेगा। योजना हेतु अनुमोदित लागत से अधिक का आवंटन कदापि न किया जाय।

(viii) उक्त योजनाओं के कार्य उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1(वित्तीय अधिकार प्रतिनिधायन नियम), वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1 (लेखा नियम), आय–व्ययक सम्बन्धी नियम(बजट मैनुअल) तथा अन्य सुसंगत नियमों, शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

2– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में अनुदान संख्या–13 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक–2215–जलपूर्ति तथा सफाई–01–जलापूर्ति–101– शहरी जलपूर्ति कार्यक्रम–05–नगरीय पेयजल–07–नगरीय पेयजल योजनाओं का रखरखाव–56–सहायक अनुदान (सामान्य गैर वेतन) मद के नामें डाला जायेगा।

3– धनराशि आहरण वितरण अधिकारी को कम्प्यूटर आवंटन संख्या (आई0डी0 संलग्न) से आवंटित की जा रही है। धनराशि का उपयोग हेतु वित्त विभाग के शासनादेश संख्या–I/287566/E-79713/09(150)2019/XXVII(1)/2025 दिनांक 31.03.2025 के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4– यह आदेश वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–2 की कम्प्यूटरजनित क्रमांक–I/346446/2025 दिनांक 20.11.2025 में प्रदत्त सहमति के क्रम में जारी किया जा रहा है।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीया,

Digitally signed by
Apurva Pandey
Date: 24-11-2025
22:10:17

(अपूर्वा पाण्डेय)
अपर सचिव।

पृ0सं0– (1)/उन्तीस(2)/2025 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
3. जिलाधिकारी, देहरादून।
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, देहरादून।
5. मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून।
6. बजट निदेशालय, देहरादून।
7. वित्त अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन।
8. निदेशक, एन0आई0सी0, देहरादून।
9. मीडिया सेन्टर, सचिवालय परिसर देहरादून।
10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(डी0एम0एस0 राणा)
संयुक्त सचिव।